गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने हुर्रियत से जुड़े संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट द्वारा भारत की एकता के लिए पूरी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए अलगाववाद को खारिज करने के निर्णय का स्वागत किया

मोदी सरकार में जम्मू-कश्मीर एकता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा

भारत के संविधान पर भरोसा करते हुए अब तक हुर्रियत से जुड़े 12 संगठन अलगाववाद से नाता तोड़ चुके हैं

यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन की जीत है

प्रविष्टि तिथि: 11 APR 2025 4:28PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने हुर्रियत से जुड़े संगठन *जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट* द्वारा भारत की एकता के लिए पूरी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए अलगाववाद को खारिज करने के निर्णय का स्वागत किया है।

आज X प्लेटफॉर्म पर अपने एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार में जम्मू-कश्मीर एकता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हुर्रियत से जुड़े एक अन्य संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने भारत की एकता के लिए पूरी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए अलगाववाद को खारिज कर दिया है।

गृह मंत्री ने कहा कि वह उनके इस कदम का हार्दिक स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान पर भरोसा करते हुए अब तक हुर्रियत से जुड़े 12 संगठन अलगाववाद से नाता तोड़ चुके हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन की जीत है।

Amit Shah
@AmitShah · Follow

Under the Modi govt the spirit of unity rules J&K.

Another Hurriyat affiliate organization, Jammu and Kashmir Mass Movement, has rejected separatism, declaring complete commitment to the unity of Bharat. I sincerely welcome their move. Till now as many as 12 Hurriyat-linked Show more

2:29 PM · Apr 11, 2025

3.7K Reply Copy link

Read 105 replies

*****

RK/VV/PR/PS

(रिलीज़ आईडी: 2120954) आगंतुक पटल : 251

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Khasi , English , Urdu , Marathi , Gujarati , Tamil , Malayalam